उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन

राजकीय आई0टी0आई0 परिसर अलीगंज, लखनऊ

संख्या: /कौ0वि0मि0/एस/2020–21/विविध/555

दिनांक : 01 अप्रैल, 2021

सेवा में,

समस्त प्रशिक्षण प्रदाता,
(निजी/राजकीय/फ्लैक्सी)
अनुबंधित उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन।

विषय:–वित्तीय वर्ष 2021–22 से आधार समर्थित बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रभावी करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में गठित राज्य संचालन समिति की बैठक दिनांक 30.03.2021 में वर्ष 2021–22 से प्रशिक्षणार्थियों की आधार इनेबुल्ड बायोमैट्रिक उपस्थिति को लागू किये जाने का निर्णय लिया गया हैं।

उक्त कार्यवाही से सम्बन्धित प्रशासनिक, तकनीकी व वैधानिक प्रक्रियायें पूर्ण की जा रही हैं। आधार इनेबुल्ड बायोमैट्रिक उपस्थिति के आधार पर प्रशिक्षणार्थियों की प्रमाणिकता के सत्यापन हेतु आधार साफ्टवेयर द्वारा जिन अनिवार्य प्रविष्टियों का मिलान किया जाता है, वे निम्नलिखित है:–

i. प्रशिक्षणार्थी का आधार नम्बर
ii. प्रशिक्षणार्थी का नाम
iii. प्रशिक्षणार्थी का लिंग (जेण्डर)
iv. प्रशिक्षणार्थी के पिता का नाम
v. प्रशिक्षणार्थी की जन्मतिथि

अतः वर्तमान में प्रवेशित एवं प्रशिक्षणाधीन प्रशिक्षणार्थियों के सम्बन्ध में यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि उनकी प्रोफाइल में उक्त बिन्दुओं से सम्बन्धित मिशन के पोर्टल पर वहीं प्रविष्टियाँ/विवरण अंकित हो, जो उनके आधार कार्ड में दर्ज हैं, अन्यथा आधार से उनके सत्यापन के समय विवरण में भिन्नता के कारण प्रशिक्षणार्थी अपात्र घोषित किये जा सकते हैं।

कृपया उक्त निर्देशों का अनुपालन विलम्बतम दिनांक 10.04.2021 तक करना सुनिश्चित करें तथा मिशन को भी अवगत करायें।

भवदीय

(कुणाल सिल्कू)
मिशन निदेशक

संख्या: 384/कौ0वि0मि0/एस/2020–21/विविध/555 **तद्दिनांकित।**

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

2. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त जिला समन्वयक, जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन।
4. समस्त प्रकोष्ठ प्रभारी, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन।
5. प्रबंधक, आई0टी0 को पोर्टल पर अपलोड करने हेतु।
6. कार्यालयादेश पंजिका।
7. गार्ड फाइल।

1/4/21

(कुणाल सिल्कू)
मिशन निदेशक